केरल: मंदिर में आतिशबाजी के दौरान भीषण हादसा

154 लोग घायल, 9 की हालत गंभीर

कासरगोड । एजेंसी

केरल के नीलेश्वरम के निकट गत देर रात एक मंदिर में थेय्यम महोत्सव के दौरान भीषण हादसा हुआ, जिसमें आतिशबाजी के दौरान आग लगने व भगदड़ मचने से 154 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में 9 की हालत गंभीर है। घायलों को कासरगोड, कन्नूर और मंगलुरु के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार आधी रात के बाद हुआ जिसमें अंजुताम्बलम वीरारकावु मंदिर के निकट जमा करके रखे गए पटाखों के जखीरे में आग लग गई। आतिशबाजी के दौरान चिंगारी उस जगह जा गिरी जहां पटाखों को जमा किया गया था। जिसके बाद भीषण रूप से इलाके में आग लग गई। हादसे की सूचना पर पहुंचे कलेक्टर

और जिला पुलिस प्रमुख सहित जिला प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने तत्काल बचाव व राहत कार्य शुरू कराया। कुल 154 लोग विस्फोट और उसके बाद मची भगदड़ में घायल हुए हैं। इनमें से 97 लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। मंदिर प्रबंधन ने त्योहार के लिए लगभग 25,000 रुपये के हल्के पटाखे रखे थे, जो मंगलवार रात को समाप्त होना था। मंदिर समिति के दो सदस्यों को हिरासत में लिया गया था। मंदिर प्रबंधन की तरफ से इतने व्यापक स्तर पर आतिशबाजी के लिए अनिवार्य लाइसेंस नहीं लिया गया था।

आदिवासी नेता कार्तिक उरांव को पीएम ने दी श्रद्धांजलि

कासरगोड । एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आदिवासी नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म शताब्दी पर श्रद्धांजलि दी। मोदी ने उरांव को महान नेता बताया जिन्होंने अपना पूरा जीवन आदिवासी समुदाय के अधिकारों और स्वाभिमान के लिए समर्पित कर दिया और आदिवासी संस्कृति और पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समाज के मुखर प्रवक्ता रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''आदिवासी समुदाय के अधिकार और आत्मसम्मान के लिए जीवनपर्यंत समर्पित रहे देश के महान नेता कार्तिक उरांव को उनकी जन्म-शताब्दी पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। वे जनजातीय समाज के एक मुखर प्रवक्ता थे, जो आदिवासी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्षरत रहे। वंचितों के कल्याण के लिए उनका

अतुलनीय योगदान देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।'' उल्लेखनीय है कि कार्तिक उरांव का जन्म 29 अक्टूबर 1924 को गुमला जिले के करौंदा लिटाटोली गांव में हुआ था। कांग्रेस नेता कार्तिक उरांव तीन बार लोकसभा और एक बार विधानसभा के सदस्य रहे। 8 दिसंबर 1981 को उनका निधन हो गया।

रिम्स से नवजात को ले फरार हुई महिला गिरफ्तार

रांची/एजेंसी। रांची के रिम्स से छह दिन के नाबालिक को लेकर फरार होने वाली महिला रजनी माला को पुलिस ने बिहार के वैशाली से गिरफ्तार किया है। साथ ही नाबालिक को सकुशल बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 21 अक्टूबर को रिम्स में रामगढ़ जिला की रहने वाली रबीता देवी अपने छह दिन के बच्चे और पति रमेश वेदीया के साथ ईलाज के लिए रिम्स आई थी। ईलाज कराने के दौरान रबीता ने अपने छह दिन के बच्चे को बगल में खड़ी एक महिला को रखने के लिए दिया। ईलाज के बाद जब रबीता लौटी तबतक अज्ञात महिला इनके नवजात बच्चे को लेकर फरार हो गई। एसपी ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए नाबालिग की बरामदगी के लिए एक टीम गठित की गई। टीम ने अनुसंधान के क्रम में बच्चे और बच्चे को लेकर भागने वाली महिला को बिहार के वैशाली जिला से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि टीम में बरियातु थाना प्रभारी मनोज कुमार, भानु कुमार भारती, अक्षय कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

इजरायली हवाई हमलों में 60 की मौत

बेरूत/एजेंसी। लेबनान के पूर्वी बेका घाटी पर हुए इजरायली हवाई हमलों में दो बच्चों सहित कम से कम 60 लोग मारे गए जबकि 58 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को दी। मंत्रालय ने कहा कि इस हमले में घाटी के 12 इलाके प्रभावित हुए हैं, जिनमें से अधिकांश बालबेक क्षेत्र में हैं और मरने वालों की संख्या प्रारंभिक है क्योंकि बचाव कार्य अभी भी जारी हैं। बालबेक के गवर्नर बाचिर खोदर ने लेबनान और इज़रयइल के बीच संघर्ष की शुरुआत होने के बाद से क्षेत्र पर सबसे हिसक हमले की निदा की।

पाकिस्तान में आतंकवादी हमले में पुलिसकर्मी की मौत

इस्लामाबाद/एजेंसी। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पोलियो टीकाकरण कार्यकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान कर रहे पुलिसकर्मियों पर हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया, जिसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को दी। क्षेत्र के पुलिस सूत्रों ने शिन्हुआ को बताया कि यह घटना तब हुई जब आतंकवादियों के एक समूह ने प्रांत के ओरकजई जिले के डाबोरी इलाके में पोलियो टीम पर गोलीबारी की। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा बलों और हमलावरों के बीच गोलीबारी में दो आतंकवादी भी मारे गए। उन्होंने बताया कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने आतंकवादियों को पकड़ने के लिए आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी समूह या व्यक्ति ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। देश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान ने एक बयान में कहा कि पाकिस्तान ने सोमवार को विभिन्न जिलों में 4.5 करोड़ से ज्यादा बच्चों को टीका लगाने के लिए एक राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू किया।

विश्व स्ट्रोक दिवस पर स्ट्रोक उपचार में क्रांतिकारी सफलता की जरूरत

कोलकाता । संवाददाता

62 वर्ष की एक महिला गीता देवी को तीन साल पहले आये सेरेब्रल स्ट्रोक के बाद लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने के बाद वह घर लौट आयी। लेकिन, आज भी सही से बोलने में सक्षम नहीं हैं। स्ट्रोक के कारण लाखों लोग अपनी जान गंवाते हैं, जबकि बहुत से लोग जीवनभर के लिए विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। लैंसेट न्यूरोलॉजी (2019) की एक रिपोर्ट के अनुसार, हर साल दुनियाभर में लगभग 1.5 करोड़ लोग स्ट्रोक का शिकार होते हैं, जिनमें से भारत में यह संख्या 18 लाख के करीब है।



कई अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों से यह साबित हुआ है कि यदि अस्पताल में भर्ती होने के पहले दिन से ही स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट को स्ट्रोक देखभाल टीम का हिस्सा बनाया जाए, तो रोगियों में स्थायी भाषण समस्याओं की संभावना 70 प्रतिशत तक कम हो सकती है। विश्व स्ट्रोक दिवा पर एसएसकेएम अस्पताल के स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट डॉ. मोहम्मद शाहिदुल अरेफिन बताते हैं कि स्ट्रोक के मरीजों में से लगभग 50 प्रतिशत को भाषा और संचार से जुड़ी समस्याएं होती हैं। इसके अलावा क्रिटिकल केयर मेडिसिन में किए गए शोध से यह पता चला है कि आईसीयू में भर्ती करीब 60 प्रतिशत मरीज डिस्फेजिया (गले में फंसने या निगलने में कठिनाई) से पीड़ित होते हैं, जिससे एस्पिरेटेड न्यूमोनिया का खतरा बढ़ जाता है, जो कई मरीजों की मृत्यु का कारण बनता है। उन्होंने बताया कि देश में केवल 25 प्रतिशत अस्पतालों में ही आईसीयू में विशेषज्ञ टीम के हिस्से के रूप में स्पीच पैथोलॉजिस्ट उपलब्ध हैं, और यह महत्वपूर्ण सेवा बड़े पैमाने पर उपेक्षित है। इस समस्या को हल करने के लिए, अखिल भारतीय वाक और श्रवण संघ की पश्चिम बंगाल शाखा ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर आईसीयू में स्पीच-लैंग्वेज पैथोलॉजिस्ट की सेवा अनिवार्य करने का अनुरोध किया है। संघ के महासचिव ने बताया कि स्ट्रोक के बाद तुरंत और आईसीयू में रहते हुए ही स्पीच थेरेपी शुरू करने से मरीजों को बेहतर लाभ मिलता है। उन्होंने सरकार से अपील की कि वे जल्द से जल्द इस दिशा में कदम उठाएं और विकसित देशों की तरह पेशेवर प्रक्रियाओं को भारत में लागू करें।

पेज 1 का शेष

रोजगार के ...

दिए हैं।'' उन्होंने कहा कि नौ हजार से ज्यादा आपूर्तिकर्ता इस योजना के साथ जुड़ चुके हैं, जो ये फिटिग का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में इस योजना के तहत एक मॉडल के रूप में, देश के अलग-अलग कोने में 800 सोलर विलेज (सौर ऊर्जा गांव) बनाने की तैयारी है। इस योजना के तहत अब तक 30 हजार लोगों ने रूफ टॉप पर सोलर स्थापित करने का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं के मन में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि विकास की यह गति पहले क्यों नहीं दिखती थी। श्री मोदी ने कहा, ''इसके लिए पहले की सरकारों में नीति और नीयत, दोनों का अभाव था। ''

उन्होंने कहा कि सरकार भारत के युवाओं की क्षमता बढ़ाने के के काम पर बहुत अधिक ध्यान दे रही है। विनिर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साह योजनाएं (पीएआई स्कीमें) चलायी जा रही है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में पेड इंटर्नशिप का प्रावधान किया गया है। श्री मोदी ने अपने संबोधन के प्रारंभ में देशवासियों को धनतेरस की शुभकामना दी और कहा कि अयोध्या में 500 वर्ष की प्रतीक्षा के बाद भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद यह पहली दिवाली है और इस तरह इस बार की दिवाली विशेष दिवाली है।

केंद्र सरकार ...

बजट में की गई घोषणा के मुताबिक है, जिसमें इन तीन कैंसररोधी दवाओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह किफायती कीमतों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। ज्ञापन में विनिर्माताओं को निर्देश दिया गया है कि कि वे डीलरों, राज्य औषधि नियंत्रकों और सरकार को एक मूल्य सूची या अनुपूरक मूल्य सूची जारी करें, जिसमें बदलावों का संकेत दिया जाए और मूल्य परिवर्तन के संबंध में फॉर्म-टू या फॉर्म-वी के माध्यम से एनपीपीए को जानकारी प्रस्तुत की जाए।

केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2024-25 में कैंसर से पीड़ित लोगों के वित्तीय बोझ घटाने के लिए तीन कैंसर दवाओं पर सीमा शुल्क में छूट देने का ऐलान किया था। सरकार ने इन तीन कैंसर दवाओं पर जीएसटी दर 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन दवा का उपयोग स्तन कैंसर के लिए किया जाता है, ओसिमर्टिनिब का उपयोग फेफड़ों के कैंसर के लिए किया जाता है, जबकि ड्यूरवालुमैब फेफड़ों के कैंसर और पित्त पथ के कैंसर दोनों के लिए है।

तेजस के ...

कोई दबाव की राजनीति या अन्य कारण नहीं है बल्कि यह पूरी तरह से तकनीकी कारणों से नहीं हो पा रही है। एक कारण जीई को इन इंजनों के लिए दक्षिण कोरिया से मिलने वाले उपकरणों की कमी बताया जा रहा है। तेजस मार्क-1ए देश में ही बनाये गये हल्के लड़ाकू विमान तेजस का उन्नत संस्करण है और वायु सेना को अपने लड़ाकू विमानों के बेड़े के लिए इन विमानों की बहुत अधिक दरकार है। वायु सेना के लिए ये विमान सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड एचएएल बना रहा है। रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2021 में एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए विमानों की खरीद के लिए 48000 करोड़ रुपये का सौदा किया था। इसके बाद एचएएल ने उसी वर्ष अगस्त में 99 विमानों के लिए इंजन एफ-404 की खरीद के लिए जीई के साथ करार किया था। जीई ने इंजनों की आपूर्ति मार्च 2023 में शुरू करने की बात कही थी।

सिंथेटिक दवा ...

व्यवसायी ने अवैध कारखाने की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जो छापे के समय तिहाड़ जेल वार्डन के साथ कारखाने के अंदर पाया गया था। विभिन्न स्रोतों से मेथमफेटामाइन के निर्माण के लिए आवश्यक रसायनों की खरीद की गयी थी और मशीनरी का आयात किया जा रहा था। व्यवसायी को पहले एनडीपीएस मामले में राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) द्वारा गिरफ्तार किया गया था और उसे तिहाड़ जेल में रखा गया था, जहां वह जेल वार्डन के संपर्क में आया जो उसका साथी बन गया। दवा बनाने के लिए उनके द्वारा मुंबई स्थित एक रसायन वैज्ञानिक को शामिल किया गया था और दवा की गुणवत्ता का परीक्षण दिल्ली में रहने वाले मैक्सिकन कार्टेल के एक सदस्य द्वारा किया गया था।

शाह ने ...

दौड़ का आज 29 अक्टूबर धनतेरस के शुभ अवसर पर आयोजित करने का फैसला किया गया है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2014 को देश की एकता और अखंडता के लिए सरदार पटेल की याद में हर वर्ष एकता दौड़ का आयोजन करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि यह दौड़ सिर्फ भारत की एकता का संकल्प नहीं है, अब यह 'विकसित भारत' का संकल्प भी बन गया है। उन्होंने कहा, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वर्षों तक सरदार पटेल को भूलने की कोशिश की गई। वर्षों तक उन्हें भारत रत्न सम्मान से वंचित रखा गया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के केवड़िया में दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित कर-के सरदार पटेल की स्मृति को जीवित रखने का काम किया है।''

बाद में श्री शाह ने 'एकता दौड़' को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दौड़ में भाग लेने के लिए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में हजारों की संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया, मनोहर लाल खट्टर, नित्यानंद राय , दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और स्थानीय सांसद बांसुरी स्वराज भी मौजूद थे।

लोकतंत्र के ...

विद्यार्थियों को वॉलेंटियर के कार्यों से संबंधित दिशा-निर्देश बताये, जिसमें मुख्यतः दिव्याग एवं वृद्धजनों की मतदान केंद्र पर सहायता, व्हीलचेयर से सहायता करने में रखी जाने वाली सावधानियां, मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाताओं के मतदाता पर्ची या दिए गए टोकन की उपलब्धता, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, चेन सिस्टम के तहत मतदान आदि मतदान दिवस में वॉलेंटियर से संबंधित कार्यों को बिंदुवार बताया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के स्कूली शिक्षा विभाग के पदाधिकारी, शिक्षक एवं राज्य के सभी स्कूलों में लाखों विद्यार्थी उपस्थित थे।

इस बार ...

विधानसभा चुनाव का सबसे दिलचस्प मुकाबला विदर्भ अंचल के गढ़चिरोली जिले की अहेरी सीट पर हो रहा है। अहेरी से अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने अपने दिग्गज नेता धर्मराव बाबा आत्राम को टिकट दिया है। धर्मराव के सामने शरद पवार की एनसीपी ने उनकी बेटी भाग्यश्री को टिकट दे दिया है। अब मतदाता दोनों पिता-पुत्री में किसे वोट देंगे, यह वही जानें। मगर, दोनों के बीच मजेदार मुकाबले का मजा वोटर्स को लेते हुए देखा जा रहा है।

चाचा-भतीजा व फुफा-भतीजा भी कर रहे दो-दो हाथ

शरद पवार की एनसीपी ने खुद अजीत पवार के सामने उनके भतीजे युगेंद्र पवार को उतारा है। डिप्टी सीएम अजीत पवार अपनी परंपरागत सीट बारामती से अपनी पार्टी के प्रत्याशी हैं। गुरुवार को 45 उम्मीदवारों की सूची जारी करते हुए शरद पवार एनसीपी ने बारामती में युगेंद्र पवार को टिकट दे दिया, जो अजीत पवार के भाई श्रीनिवास पवार के बेटे हैं। मालूम हो कि पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एक ही हुआ करती थी। पार्टी की बागडोर चाचा शरद पवार और भतीजे अजीत पवार के हाथ में थी। जुलाई 2023 में अजित पवार चाचा शरद पवार से बगावत कर बीजेपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार यानी महायुति सरकार में शामिल हो गये। तब एनसीपी के भी दो हिस्से हो गये। एक अजीत पवार गुट और दूसरा शरद पवार गुट।

पाकुड़ समाहरणालय
(जिला निर्वाचन शाखा)

पुलिस प्रेक्षक के संबंध में आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0), 05-पाकुड़, 06-महेशपुर (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त पुलिस प्रेक्षक से निम्न पता एवं दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है :-

जिला का नाम	विधानसभा का नाम	पुलिस प्रेक्षक का नाम	मोबाईल नम्बर	सम्पर्क स्थल
पाकुड़	04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0), 05-पाकुड़, 06-महेशपुर (अ0ज0जा0)	श्री के0 सत्यनारायण, आई0पी0एस0	9263115354	नया परिसदन, पाकुड़

उप निर्वाचन पदाधिकारी, पाकुड

PR 339702 (Election)24-25*D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

कार्यालय
जिला निर्वाचन-सह-उपायुक्त, दुमका
(मतपत्र एवं डाक मतपत्र कोषांग)
Email-postalballotcell7.gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विधानसभा क्षेत्र 07-शिकारीपाड़ा, 10-दुमका, 11-जामा एवं 12-जरमुण्डी के **AVSC (85+ आयु वर्ग) एवं AVPD (40% से अधिक दिव्यांगता)** से संबंधित कोई मतदाता जिनका **प्रपत्र-12D** में आवेदन नहीं दिया जा सका है, वैसे मतदाता जिला नियंत्रण कक्ष, दुमका के मोबाईल नं0-9508250080, 9007060008 पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, दुमका

PR 339680 District (24-25)_D

सुदृढ़ प्रजातंत्रा हेतु वृहत्तर सहभागिता
विधानसभा आम चुनाव, 2024
निर्वाचन
प्रेक्षक कोषांग, दुमका
E-mail : observerdumka@gmail.com

सूचना

विधानसभा आम चुनाव 2024 के संचालन के कम में भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा 11-जामा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए **श्री विनित नंदनवार (आई.ए.एस.)** को सामान्य प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त की गई है जो **''फूलो-झानो ब्लॉक मसानजोर-01''** परिसदन, दुमका में आवासित है।

इनसे निम्नांकित पता एवं समय पर संपर्क किया जा सकता है :-

क्र. सं.	विधानसभा क्षेत्र का नाम	सामान्य प्रेक्षक का नाम	संपर्क स्थल	समय	मेल /दूरभाष
01	11-जामा	श्री विनित नंदनवार (आई.ए.एस.)	''फूलो-झानो ब्लॉक मसानजोर-01''	पूर्वाह्न 10:00 से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रतिदिन	observerdumka@gmail.com संपर्क नं. : 9234332838

नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, दुमका

PR 339675 District (24-25)_D

सुदृढ़ प्रजातंत्रा हेतु वृहत्तर सहभागिता।
विधानसभा आम चुनाव, 2024
निर्वाचन अत्यावश्यक
प्रेक्षक कोषांग, दुमका
E-mail : observerdumka@gmail.com

सूचना

विधानसभा आम चुनाव 2024 के संचालन के कम में भारत सरकार निर्वाचन आयोग द्वारा 12-जरमुण्डी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए **श्री चकवर्त्ती सिंह राठौड़ (आई.ए.एस.)** को सामान्य प्रेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त की गई है जो **''फूलो-झानो ब्लॉक मसानजोर-02''** परिसदन, दुमका में आवासित है।

इनसे निम्नांकित पता एवं समय पर संपर्क किया जा सकता है :-

क्र.सं.	विधानसभा क्षेत्र का नाम	सामान्य प्रेक्षक का नाम	संपर्क स्थल	समय	मेल /दूरभाष
01	12-जरमुण्डी	श्री चकवर्त्ती सिंह राठौड़ (आई.ए.एस.)	''फूलो-झानो ब्लॉक मसानजोर-02''	पूर्वाह्न 10:00 से पूर्वाह्न 11:00 बजे तक प्रतिदिन	observerdumka@gmail.com संपर्क नं. : 9234379181

नोडल पदाधिकारी,
प्रेक्षक कोषांग, दुमका

PR 339672 (District) 24-25 (D)

पाकुड़ समाहरणालय
(जिला निर्वाचन शाखा)

सामान्य प्रेक्षक के संबंध में आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0), 05-पाकुड़, 06-महेशपुर (अ0ज0जा0) विधानसभा क्षेत्र हेतु प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों से निम्न पता एवं दूरभाष नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है :-

जिला का नाम	विधानसभा का नाम	सामान्य प्रेक्षक का नाम	मोबाईल नम्बर	सम्पर्क स्थल
पाकुड़	04-लिट्टीपाड़ा (अ0ज0जा0)	श्री जितेन्द्र कुमार शुक्ला, भा0प्र0से0	8809482136	नया परिसदन, पाकुड़
पाकुड़	05-पाकुड़	श्री युगल किशोर पंत, भा0प्र0से0	9229007930	नया परिसदन, पाकुड़
पाकुड़	06-महेशपुर (अ0ज0जा0)	श्री ए0 शंमुगा सुन्दरम, भा0प्र0से0	7644813154	नया परिसदन, पाकुड़

उप निर्वाचन पदाधिकारी,
पाकुड़

PR 339698 Election(24-25)D

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, देवघर।
विधान सभा आम चुनाव-2024
(प्रेक्षक कोषांग)
दूरभाष सं0 :-06432-232680 फैक्स-06432-232967
ई-मेल:-deoobserver@gmail.com

आम सूचना

विधान सभा आम चुनाव 2024 के सफल संचालन के निमित देवघर जिला के विधान सभा क्षेत्रों (13-मधुपुर,14-सारठ एवं 15-देवघर अ०जा०) के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक,सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्त की है। तत्संबंधी सूचना निम्न प्रकार है :-

प्रेक्षक का नाम	प्रेक्षक	विधान सभा क्षेत्र	परिसदन देवघर में आवंटित कमरा सं०	मोबाईल नं०
SMT. SUMITHA PARAMATA IRS	व्यय प्रेक्षक	13-मधुपुर,14-सारठ एवं 15-देवघर (अ०जा०)	ब्लॉक-बी कमरा सं० बी-7	9065864787
SRI. LATHKAR SHRIKESH BALAJIRAO IAS	सामान्य प्रेक्षक	13-मधुपुर	ब्लॉक-बी कमरा सं० बी-12	7004656109
SRI. ANIL SUCHARI IAS	सामान्य प्रेक्षक	14-सारठ	ब्लॉक-बी कमरा सं० बी-10	9065864774
SRI. LLAMBARITHI. K. IAS	सामान्य प्रेक्षक	15-देवघर (अ०जा०)	ब्लॉक-बी कमरा सं० बी-09	7903866704
SRI. BHANWAR LAL MEENA IPS	पुलिस प्रेक्षक	13-मधुपुर,14-सारठ एवं 15-देवघर (अ०जा०)	ब्लॉक-बी कमरा सं० बी-11	9065864983

विधान सभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत उनसे मिल कर अथवा उपर्युक्त मोबाईल नं० पर की जा सकती है।

आम जनता से मिलने का समय-अपराह्न 04:00 से 06:00 बजे तक।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
-सह-उपायुक्त, देवघर।

PR 339657 Deoghar (24-25)D